## कार्यालय जनपद न्यायाधीश, गोण्डा ।

## जनपद न्यायालय गोण्डा स्थित कम्प्यूटरों के प्रिन्टरों हेतु एच.पी. 88ए पी 1008 कार्टिजों की आपूर्ति हेतु आवेदन पत्र / टेण्डर फार्म

नवीनतम पासपोर्ट साइज स्वप्रमाणित फोटोग्राफ चस्पा करें ।

**टेण्डर वास्ते**

जनपद न्यायालय गोण्डा स्थित कम्प्यूटरों हेतु एच.पी. लेजर जेट पी 1008 प्रिन्टरों में प्रयोगार्थ एच.पी. 88ए की आपूर्ति के सम्बन्ध में ।

| | |
|---|---|
| अग्रिम जमा धरोहर राशि | 2500.00 रूपया |
| अग्रिम धरोहर राशि जमा करने का तरीका | |
| कार्टिज का नाम व स्पेशिफिकेशन | |
| आवेदक फर्म का नाम | |
| आवेदक फर्म का पत्र व्यवहार का पूरा पता | |
| आवेदक फर्म के कार्यालय का पूरा पता | |
| आवेदक फर्म से सम्पर्क हेतु मोबाईल नम्बर | |
| आवेदक फर्म से सम्पर्क हेतु दूरभाष नम्बर | |
| आवेदक फर्म से सम्पर्क हेतु आवेदक फर्म की ई–मेल आई.डी. / अधिकृत व्यक्ति का ई–मेल आई.डी. | |
| आवेदक फर्म क्या साझेदारी फर्म है या सोल प्रोपराईटरशिप फर्म है या प्राईवेट /पब्लिक लिमिटेड कम्पनी आदि है, कृपया विशिष्ट उल्लेख करें | |
| आवेदक फर्म का पंजीकरण संख्या– (प्रमाण पत्र की सत्यापित प्रति प्रस्तुत करें) | |
| आवेदक फर्म का सेल्स टैक्स पंजीकरण संख्या– (प्रमाण पत्र की सत्यापित प्रति प्रस्तुत करें) | |

| | |
|---|---|
| आवेदक फर्म का एच.पी. 88ए बेचे जाने हेतु सम्बन्धित कम्पनी से अधिकृत होने सम्बन्धी विवरण जेसे कम्पनी की डीलरशिप आदि का विशिष्ट उल्लेख करे ।<br>(प्रमाण पत्र की सत्यापित प्रति प्रस्तुत करें) | |
| आवेदक फर्म द्वारा सभी खर्चों व करों को सम्मिलित करते हुए निविदा की नियम व शर्तो के अन्तर्गत प्रस्तुत मूल्य | |

निविदा प्रस्तुत करने वाली फर्म के दो परिचय दाताओं के नाम व पता

1. हस्ताक्षर

   नाम

   पता

2. हस्ताक्षर

   नाम

   पता

यह निविदा प्रस्तुत करने से पहले मैंने सभी नियम व शर्तों को भली भांति पढ़ लिया है और यह निविदा विज्ञप्ति की नियम व शर्तों के अधीन प्रस्तुत की जा रही है । जितने कार्टिजों के लिए आदेश प्रस्तुत किया जायेगा उतनी संख्या में कार्टिज उपलब्ध करवायी जायेंगी ।

आवेदक / टेण्डरदाता / निविदा प्रस्तुत करने वाली फर्म
के अधिकृत प्रतिनिधि के हस्ताक्षर

## कार्यालय जनपद न्यायाधीश, गोण्डा ।

## एच.पी. लेजर जेट पी 1008 प्रिन्टरों में प्रयोगार्थ एच.पी. 88ए की आपूर्ति

1. माननीय जनपद न्यायाधीश महोदय के आदेश के अनुपालन में जनपद न्यायालय गोण्डा में स्थापित कम्प्यूटरों के प्रिन्टरों हेतु एच.पी. लेजर जेट पी 1008 प्रिन्टरों में प्रयोगार्थ एच.पी. 88ए के क्रय किये जाने के सम्बन्ध में वित्त पथ अंक 2011 के भण्डार क्रय नियम पैरा 11 एवं 12 में निहित प्राविधानों के अधीन दिनांक 08.03.2016 को सांय 3–00 बजे तक पंजीकृत व अधिकृत फर्मो से सीलबन्द निविदायें आमंत्रित की जाती हैं ।

2. निविदा प्रस्तुत करने वाली पंजीकृत व अधिकृत फर्म सेल टैक्स व राज्य को अदा किये जाने वाले अन्य करों हेतु पंजीकृत होनी चाहिये ।

3. कार्टिज क्रय के सम्बन्ध में प्राप्त सभी निविदायें दिनांक 10.03.2016 को ही सायं 4.00 बजे समिति द्वारा खोली जायेंगी । निविदा प्राप्त होने की नियत अन्तिम तिथि व समय के उपरान्त प्राप्त होने वाली किसी भी निविदा पर कोई विचार नहीं किया जायेगा । निविदा प्रस्तुत करने वाली फर्म यदि चाहे तो अपने अधिकृत प्रतिनिधि को निविदायें खोले जाने के समय भेज सकती है ।

4. निविदा प्रस्तुत करने वाली पंजीकृम व अधिकृत फर्म सभी करों को सम्मिलित करते हुए ही अपना कोटेशन/दर प्रस्तुत करें, एक बार निविदा प्रस्तुत कर दिये जाने के बाद कोटेशन की दर औ/या कर में कोई वृद्धि अनुमन्य नहीं होगी और न ही दी गई कोटेशन / दर ही अन्तिम होगी ।

5. जनपद न्यायालय गोण्डा द्वारा कम्प्यूटरों के प्रिन्टरों हेतु एच.पी. लेजर जेट पी 1008 प्रिन्टरों में प्रयोगार्थ एच.पी. 88ए के क्रय किये जाने हेतु निविदा आवेदन फार्म केन्द्रीय नजारत से अथवा जनपद न्यायालय गोण्डा की अधिकारिक वेबसाईट से अपलोड कर प्राप्त किये जा सकते हैं । यह निविदा फार्म 100.00 (एक सौ रूपया मात्र) का शुल्क केन्द्रीय नजारत जनपद न्यायालय गोण्डां में जमा कर प्राप्त किया जा सकता है और यह निविदा फार्म धरोहर/जमानत राशि रूपया 2500.00 के साथ जमा किया जाना है । उक्त निविदा फार्म शुल्क व निविदा धरोहर राशि नकद या बैंक ड्राफट या भारतीय पोस्टल आर्डर के रूप में जो जनपद न्यायाधीश गोण्डा के नाम देय हो जमा किया जाना है । जनपद न्यायालयं गोण्डा की अधिकारिक बेवसाइट से निविदा फा़ु डाउन लोड करनें पर निविदा फार्म शुल्क डाउन लोड किये गये मूल निविदा फा़र्म के साथ नकद या बैंक ड्राफट या भारतीय पोस्टल आर्डर के रूप में माननीय जनपद न्यायाधीश के नाम धरोहर राशि सहित निविदा प्राप्त होने की नियत तिथि व समय से पूर्व केन्द्रीय नजारत जनपद न्यायालय गोण्डा में प्राप्त करवाने की जिम्मेदारी निविदा प्रस्तुत करने वाली फर्म की होगी ।

6. वित्तीय नियम संग्रह खण्ड–5 भाग–1 के पैरा 71 के अनुसार धरोहर/जमानत धनराशि को राष्ट्रीय बचत पत्रों, राष्ट्रीयकृत बैंको के मियादी जमा रसीदों बैंक जमा रसीदें इत्यादि के रूप में भी " जनपद न्यायाधीश गोण्डा" के पक्ष में जमा किया जा सकता है ।

7. निविदाओं की नियम व शर्तों का किसी भी कार्य दिवस में केन्द्रीय नजारत जनपद न्यायालय गोण्डा में समय 10.30 बजे से 4.30 बजे तक अवलोकन कर प्राप्त किया जा सकता है या जनपद गोण्डा गोण्डा के अधिकारिक बेवसाईट पर अवलोकित की जा सकती है ।

8. निविदा प्रस्तुत करने वाली फर्म निविदा सीलबन्द लिफाफे में नियत अन्तिम तिथि व समय से पूर्व केन्द्रीय नजारत जनपद न्यायालय गोण्डा में प्रस्तु करें व सीलबन्द लिफाफे के ऊपर **'कार्टिज हेतु निविदा'** का स्पष्ट उल्लेख करते हुए फर्म के नाम का भी उल्लेख करें ।

9. समस्त कार्टिज आपूर्तिकर्ता को कार्टिज अपने खर्चे पर नजारत अनुभाग जनपद न्यायालय गोण्डा में निविदा स्वीकृति एवं आपूर्ति आदेश प्राप्त होने के तुरन्त पश्चात प्राप्त करानी होगी ।

10. किसी भी निविदा या समस्त निविदा को बिना कोई कारण बताये निरस्त करने का अधिकारी जनपद न्यायाधीश गोण्डा में निहित है औश्र इस सन्दर्भ में उनका निर्णय अन्तिम होगा ।

11. किसी भी विवाद की स्थिति में न्याय क्षेत्र केवल मात्र जनपद न्यायालय गोण्डा को ही होगा ।

(महेश नौटियाल)
सदस्य,
कय समिति/
अपर जिला जज,
गोण्डा ।

(सतेन्द्र कुमार)
सदस्य,
कय समिति/
अपर जिला जज/
विशेष न्यायाधीश एस.सी.एस.टी. ऐक्ट
गोण्डा।

(विष्णु कुमार शर्मा)
अध्यक्ष,
कय समिति/
अपर जिला जज/
त्वरित न्यायालय कक्ष सं0–1,
गोण्डा ।

(विनय आर्या)
सदस्य,
कय समिति/
सिविल जज (सी0डि0),
गोण्डा ।

(राकेश कुमार यादव)
सदस्य,
कय समिति/
अपर जिला जज/
गोण्डा ।

(संजय कुमार)
सदस्य,
कय समिति/
अपर जिला जज/
विशेष न्यायाधीश ई0सी0 ऐक्ट,
गोण्डा ।

# कार्यालय जनपद न्यायाधीश, गोण्डा ।

## एच.पी. लेजर जेट पी 1008 प्रिन्टरों में प्रयोगार्थ एच.पी. 88ए की आपूर्ति हेतु टेण्डर आमंत्रण सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि जनपद न्यायालय गोण्डा में स्थापित कम्प्यूटरों के प्रिन्टरों हेतु एच.पी. लेजर जेट पी 1008 प्रिन्टरों में प्रयोगार्थ एच.पी. 88ए के क्रय किये जाने हेतु पंजीकृत व अधिकृत फर्मों से सील बन्द टेण्डर/निविदा दिनांक 08.03.2016 को सांय 3–00 बजे तक आमंत्रित किये जाते हैं, नियत समय के पश्चात् प्राप्त टेण्डर / निविदा पर कोई विचार नही किया जायेगा । उक्त टेण्डर / निविदा दिनांक 10.03.2016 को सायं 4–00 बजे क्रय समिति द्वारा खोले जायेंगे । टेण्डर/ निविदा हेतु धरोहर धनराशि 2500.00 रूपया नकद अथवा उक्त धनराशि का बैंक ड्राफट जो जनपद न्यायाधीश गोण्डा के नाम देय हैं, नजारत अनुभाग में जमा करना होगा जो टेण्डर/ निविदा स्वीकृत न होने की दशा में उसी दिन अथवा अगले कार्य दिवस में वापस कर दिया जायेगा । कार्टिज का विवरण टेण्डर / निविदा की नियम व शर्तो को माननीय उच्च न्यायालय की अधिकारिक बेवसाईट www.allahabadhighcourt.in तथा जनपद गोण्डा की अधिकारिक बेवसाईट www.gonda.nic.in पर उपलब्ध है । टेण्डर / निविदा की नियम व शर्तो को उपरोक्त बेवसाईट के अतिरिक्त नजारत अनुभाग, जनपद न्यायालय गोण्डा के नोटिस बोर्ड पर देखा जा सकता है । टेण्डर / निविदा प्रस्तुत करने वाली फर्म टेण्डर की नियम शर्तों के अनुसार ही अपनी निविदा प्रस्तुत करें ।

(महेश नौटियाल)
सदस्य,
क्रय समिति/
अपर जिला जज,
गोण्डा ।

(सतेन्द्र कुमार)
सदस्य,
क्रय समिति/
अपर जिला जज/
विशेष न्यायाधीश एस.सी.एस.टी. ऐक्ट
गोण्डा।

(विष्णु कुमार शर्मा)
अध्यक्ष,
क्रय समिति/
अपर जिला जज/
त्वरित न्यायालय कक्ष सं0–1,
गोण्डा ।

(विनय आर्या)
सदस्य,
क्रय समिति/
सिविल जज (सी0डि0),
गोण्डा ।

(राकेश कुमार यादव)
सदस्य,
क्रय समिति/
अपर जिला जज/
गोण्डा ।

(संजय कुमार)
सदस्य,
क्रय समिति/
अपर जिला जज/
विशेष न्यायाधीश ई0सी0 ऐक्ट,
गोण्डा ।

प्रतिलिपिः–

1. सेण्ट्रल प्रोजेक्ट कोआर्डिनेटर, माननीय उच्च न्यायालय, इलाहाबाद की बेवसाईट पर अपलोड करने हेतु,
2. नोडल आफिसर कम्प्यूटर, जनपद न्यायालय, गोण्डा को जनपद न्यायालय गोण्डा की बेवसाईट पर अपलोड करने हेतु,
3. जिला सूचना विज्ञान अधिकारी, गोण्डा को जनपद गोण्डा की बेवसाईट पर अपलोड करने हेतु,
4. जिला सूचना एवं जन सम्पर्क अधिकारी, गोण्डा को समाचार पत्रों में निःशुल्क प्रकाशन हेतु,
5. कार्यालय जिला अधिकारी गोण्डा,
6 कार्यालय जिला पंचायत, गोण्डा ।
7. कार्यालय नगर पालिका परिषद गोण्डा ।

के नोटिस बोर्ड पर चस्पा किये जाने हेतु ।